संचालनालय आयुष, म0प्र0

(भू-तल "डी" विंग, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004)

www.ayush.mp.gov.in
E-mail:jdayush@mp.gov.in

Office (0755)2552931
Fax (0755) 2760225

दिनांक :16/01/2023

-विज्ञप्ति-

-स्नातकोत्तर प्रथम चरण काउंसिलिंग कार्यक्रम (स्टेट कोटा)-

-एमडी/एमएस आयुर्वेद/एमडी होम्योपैथी/एमडी यूनानी/एमडी प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग-

म0प्र0 एमडी/एमएस आयुर्वेद स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2022, म0प्र0 एमडी होम्योपैथी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2022, म0प्र0 एमडी यूनानी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2022 तथा म0प्र0 एमडी प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2022 के अनुक्रम में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग/म0प्र0 शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी/प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एम0पी0 ऑनलाइन के माध्यम से संपन्न कराई जायेगी।

प्रवेश काउंसिलिंग के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्यक्रम निम्नानुसार है:-

क्रमांक	विवरण	दिनांक एवं समय
1	पंजीयन	दिनांक 27/01/2023 से 11/02/2023 रात्रि 11:59 बजे तक
2	अभिलेख सत्यापन	दिनांक 28/01/2023 से 12/02/2023 सायं 05 बजे तक
3	मैरिट सूची का प्रकाशन	दिनांक 14/02/2023
4	रिक्त सीटो की स्थिति	दिनांक 14/02/2023
5	अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाईस फीलिंग, लॉकिंग तथा ऐडिट)	दिनांक 15/02/2023 से 19/02/2023 रात्रि 11:59 बजे तक
6	सीट आवंटन	दिनांक 24/02/2023
7	महाविद्यालय में औपचारिकताएं पूर्ण कर अस्थाई प्रवेश प्राप्त करने की तिथि	दिनांक 25/02/2023 से 28/02/2023 सायं 05 बजे तक
8	प्रवेश निरस्तीकरण	दिनांक 25/02/2023 से 28/02/2023 रात्रि 11:59 बजे तक

नोटः-

1- MD/MS AYURVED/HOMOEOPATHY/UNANI पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु AIAPGET-2022 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी तथा MD NATUROPATHY में प्रवेश हेतु BNYS परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी उक्त प्रकाशित ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम अनुसार प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते है।

2- पंजीयन उपरान्त अभ्यर्थियों को प्रवेश नियमों में उल्लेखित अभिलेख सत्यापन केन्द्र पर अपने अभिलेखों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

3- उपरोक्त काउंसिलिंग प्रक्रिया अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली/म0प्र0 शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी/प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जायेगा।

4- भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली/म0प्र0 शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति हेतु लंबित शासकीय स्वशासी/निजी आयुष महाविद्यालयों को प्रवेशानुमति प्राप्त होने पर प्रवेश नियम के प्रावधान अनुसार काउंसिलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।

5- नियम/निर्देशों हेतु विभागीय वेबसाईट **www.ayush.mp.gov.in** एवं एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल- **www.mponline.gov.in** का सतत् अवलोकन करते रहें।

<u>आयुक्त द्वारा अनुमोदित</u>

16/1/23

औषधालय अधीक्षक
संचालनालय आयुष म0प्र0